C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:17 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 22 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 5 जुलाई 2025

ओपनिंग डे पर 'मेट्रो इन दिनों' से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए कुछ राहत की खबर

**देहरादून।** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। हर बिल में 81 पैसे प्रति यूनिट तक की छूट मिलेगी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अगले महीने बिजली का सस्ता बिल मिलेगा। यूपीसीएल ने फ्यूल एंड पावर परचेज कॉस्ट एडजस्टमेंट (एफपीपीसीए) के तहत 81 पैसे प्रति यूनिट तक छूट दी है। यूपीसीएल बाजार से हर माह जो बिजली खरीदता है उसी हिसाब से उपभोक्ताओं से वसूली की जाती है। नियामक आयोग की ओर से तय दरों से अधिक पर बिजली खरीदने पर उतनी ही रकम की वसूली की जाती है जबकि इससे कम दरों पर एफपीपीसीए के तहत बिजली खरीदने पर उतनी रकम की छूट दी जाती है। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने बताया कि इस बार उपभोक्ताओं को 112 करोड़ रुपये लौटाए जाएंगे। यानी हर बिल में 81 पैसे प्रति यूनिट तक की छूट मिलेगी। इससे पहले मई माह में भी यूपीसीएल ने 89 पैसे प्रति यूनिट तक की छूट दी थी।

### चारधाम में एनडीआरएफ और आईटीबीपी की तैनाती

**देहरादून।** बारिश के कारण शुरू हुई दुश्वारियां रुक नहीं रही हैं। शुक्रवार को भी भूस्खलन और मलबा आने के कारण केदारनाथ यात्रा तीन घंटे के लिए रोकनी पड़ी। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम धामी से फोन पर बात की। चारधाम यात्रा को सुचारू रखने के लिए एनडीआरएफ और आईटीबीपी की तैनाती की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर केदारनाथ समेत राज्य के हालात जानें। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार की आपातकालीन राहत एजेंसियों एनडीआरएफ, आईटीबीपी को तत्परता से तैनात किया जा रहा है। ताकि चारधाम यात्रा बाधित न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी सतत निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

## वीकेंड पर पर्यटकों की आवाजाही को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

वीकेंड के दौरान नैनीताल जिले में पर्यटकों की भारी आवाजाही और वाहनों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है। यह योजना 5 और 6 जुलाई 2025 को प्रभावी रहेगी।

नैनीताल पुलिस ने स्थानीय निवासियों और सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक डायवर्जन प्लान का पालन करें और पुलिस के दिशा-निर्देशों में सहयोग दें। इस योजना का उद्देश्य ट्रैफिक जाम की समस्या को नियंत्रित करना और पर्यटकों व स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित, सुगम यातायात सुविधा प्रदान करना है। कैंची धाम जाने वाले पर्यटक वाहनों का दबाव अधिक होने पर कैंची धाम में पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण भवाली सेनिटोरियम में वाहनों को पार्क कर शटल सेवा के माध्यम से भेजा जाएगा। वीकेंड के दौरान, शनिवार/रविवार को यात्रा रूट में भारी वाहनों का आवागमन समय 12:00 बजे से 21:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों का(जैसे सब्जी, फल, ईंधन, गैस, दूध आदि) 16:00 बजे से 21:00 बजे तक यात्रा रूट में आवागमन भी प्रतिबंधित रहेगा।



कालाढूंगी रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन ऊँचापुल तिराहा से चौफला चौराहा से चम्बल पुल तिराहा के मध्य रोड के बांई ओर रोकें जायेंगे। गौलापार से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहनों को गौलापुल से पहले आरटीओ फिटनेस सेंटर के सामने डिवाइडर के पास रोड के बांई ओर रोके जायेंगे। चोरगलिया रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन कुँवरपुर तिराहा से खेड़ा चौराहा के मध्य रोड के बांई ओर रोके जायेंगे। अल्मोडा/बागेश्वर से शहर हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहनों को भावाली मस्जिद तिराहा से नम्बर 01 बैंड ज्योलिकोट के मध्य रोके जायेंगे। भीमताल/मुक्तेश्वर से शहर हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहनों को सलड़ी चौकी/अमृतपुर में रोका जायेगा।

बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, यमुनोत्री हाईवे बंद

## भूस्खलन व मलबा आने से यात्रा हो रही प्रभावित

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

यमुनोत्री हाईवे पर एक सप्ताह बाद भी आवाजाही शुरू नहीं हो पाई है। हालांकी सिलाई बैंड और बनास में तो आवाजाही शुरू हो गई है। लेकिन ओजरी में बहा 25 मीटर हिस्सा एनएच विभाग और प्रशासन के लिए मुसीबत बना हुआ है।

उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से जारी भारी बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भूस्खलन और मलबा आने से प्रमुख हाईवे और ग्रामीण सड़कें लगातार बाधित हो रही हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। हालांकि शुक्रवार को बारिश से थोड़ी राहत रही। यमुनोत्री हाईवे पर अभी भी आवाजाही सुचारु नहीं हो पाई है और यह पिछले सात दिनों से बंद पड़ा है। हालांकि, सिलाई बैंड में यातायात शुरू करवा दिया गया है, लेकिन ओजरी से आगे वाहनों की आवाजाही अभी भी ठप है। हालांकी वहां पर बैली ब्रिज निर्माण के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। लेकिन उसमें अभी करीब एक सप्ताह का समय का लग सकता है, वहीं दूसरी ओर



गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही सुचारू है. लेकिन लगातार बारिश भी गंगोत्री हाईवे पर नेताला, पापड़गाड और बिशनपुर, हेलगूगाड में मुसीबत लगातार बनी हुई है। दूसरी ओर, गंगोत्री हाईवे पर भी परेशानी बनी हुई है। भटवाड़ी के पपड़गाड के पास सड़क का करीब 25 मीटर हिस्सा एक बार फिर धंस गया, जिससे लगभग आठ घंटे तक आवाजाही बंद रही। गंगोत्री हाईवे दोपहर ढाई बजे के बाद ही खोला जा सका। चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे पर उमट्टा भूस्खलन क्षेत्र में मलबा आने से शुक्रवार सुबह करीब दो घंटे यातायात बंद रहा। यह क्षेत्र पिछले एक साल से अधिक समय से भूस्खलन का नासूर बना हुआ है, जिससे स्थानीय होटल स्वामी आशीष डिमरी का परिवार भी प्रभावित हुआ है, जिन्होंने एनएचआईडीसीएल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। एनएचआईडीसीएल प्रबंधक अंकित राणा ने बताया कि मलबा हटाया जा रहा है और मानसून के बाद सुरक्षा कार्य की योजना बनाई जाएगी। सिमली-ग्वालदम हाईवे पर हरमनी के पास भूस्खलन के कारण छह घंटे तक आवाजाही ठप रही, जिसे बीआरओ ने सुचारु किया।

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अपने खेत में चलाया हल, धान की रोपाई की

**खटीमा**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह खटीमा के कालापुल नगला तराई क्षेत्र में अपने खेतों में धान की रोपाई की।

खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के परिश्रम, त्याग और समर्पण को नमन किया। सीएम ने कहा कि खेतों में उतरकर पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति और परंपराओं के संवाहक भी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा- खटीमा के नगरा तराई में अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के श्रम, त्याग और समर्पण को अनुभव कर पुराने दिनों का स्मरण किया। अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं बल्कि संस्कृति और परंपरा के संवाहक भी हैं। इस अवसर पर उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा हुड़किया बौल के माध्यम से भूमि के देवता भूमियां, पानी के देवता इंद्र, छाया के देव मेघ की वंदना भी की।





## ट्रक की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

थाना पुलभट्टा क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आए बाईक सवार की मृत्यु हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक जनपद बरेली के शेरगढ़ निवासी 30 वर्षीय आरिफ पुत्र अयूब लालपुर में ट्रक बाडी बनाने का काम करता है। शुक्रवार शाम वह अपने साथी हासिम पुत्र यासीन निवासी भौना बहेड़ी बरेली यूपी के साथ बाईक पर जा रहा था। बताया जा रहा है कि पुलभट्टा फ्लाई ओवर से पहले कट पर उसकी बाईक को ट्रक ने टक्कर मार दी। बाईक सवार दोनों घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लोगों भीड़ जमा हो गई। इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलभट्टा पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने जांच के उपरांत आरिफ को मृत घोषित कर दिया। जबकि हासिम को प्राथमिक उपचार के बाद हालत में कोई सुधार नहीं होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर वाहन छोड़ कर भाग गया। सूचना पर मृतक के परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद मोर्चरी भिजवा दिया फिलहाल पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।

## सड़कें बंद: जरूरत पड़ने पर हेलिकॉप्टर से पहुंचाएंगे पोलिंग पार्टियां

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मानसून के चलते प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव में खलल पड़ सकता है। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग भी चुनाव में सुरक्षा को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा के लिए दो हेलिकॉप्टर स्टैंडबाय में खड़े हैं।

प्रदेश में मानसून के कारण कई जगहों पर सड़कें बंद होने की खबरों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग भी चुनाव में सुरक्षा को लेकर गंभीर है। आयोग ने सभी डीएम से आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना मांगी है। निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार का कहना है कि जरूरत पड़ी तो हेलिकॉप्टर की भी मदद ली जाएगी। प्रदेश में पहले चरण का पंचायत




चुनाव 24 जुलाई और दूसरे चरण का चुनाव 28 जुलाई को होने जा रहा है। चूंकि इन दिनों मानसून भी चल रहा है, इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग लगातार मौसम विभाग से अपडेट ले रहा है। इस बीच प्रदेश में कई जगहों पर मानसून में सड़कें बंद होने, कहीं नुकसान होने की खबरें भी लगातार आ रही हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि मानसून के मद्देनजर सुरक्षित चुनाव के लिए आयोग पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने बताया कि सभी जिलाधिकारियों से चुनाव के दौरान आपदा प्रबंधन का प्लान मांगा गया है। सात जुलाई को सभी डीएम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक होने जा रही है। इसमें सभी अपने प्लान और जरूरतें बताएंगे। इसी आधार पर सचिव आपदा प्रबंधन को अवगत कराया जाएगा।

आयुक्त सुशील कुमार का कहना है कि अभी आयोग ने कोई प्रस्ताव शासन को भेजा नहीं है। लेकिन कहीं सड़कें टूटी होने या अन्य किसी विशेष परिस्थिति में जरूरत पड़ने पर हेलिकॉप्टर से पोलिंग पार्टियों को गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। उधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने पहले ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा के लिए दो हेलिकॉप्टर स्टैंडबाय में खड़े हैं, जो तुरंत मदद पहुंचाएंगे। चुनाव में भी यह काम लाए जा सकते हैं।

# चलती कार से स्टंट करने वालों पर पुलिस सख्त

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल व ज्योलीकोट क्षेत्र में चलती कार की खिडकी से बाहर निकलकर स्टंट करने के दो मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

बता दें पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में ड्रंक एंड ड्राइव तथा ओवरलोडिंग व रैश ड्राइविंग एवं स्टंट करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इधर सोशल मीडिया पर दो अलग – अलग वायरल फ़ोटो/वीडियो में पुलिस ने कार्रवाई की है।

जिसमें दो युवक जान जोखिम में डाल कर ज्योलीकोट रोड में चलती कार की खिडकी से बाहर निकलकर स्टंट करते दिखाई दे रहे थे। जब वीडियो लोगों ने सोशल मीडिया में डाला तो एसओ तल्लीताल रमेश बोरा व चौकी प्रभारी ज्योलीकोट श्याम सिंह बोरा ने उक्त व्यक्तियों का पता लगाया। जिसमें मुरादाबाद निवासी उमर अबदुल्ला व गेठिया निवासी निखिल कुमार के खिलाफ एमवी एकट के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई है। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 296 चालकों पर हुई कार्यवाही, 08वाहन सीज तथा 11 चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।





# नैनीताल में लगातार बारिश से जनजीवन काफी प्रभावित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में बीते रोज से दिनभर बारिश की वजह से जन जीवन काफी प्रभावित रहा।

बारिश की वजह से जगह–जगह पर जलभराव होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा दूसरी ओर नैनीताल पहुंचे पर्यटक भी बारिश की वजह से काफी परेशान रहे वह अच्छी तरह से नौका विहार तथा दर्शनीय स्थलों के दीदार तक नहीं कर सके, बारिश की वजह से उन्हें अधिकांश समय होटलों में ही रहकर गुजरना पड़ा। नगर में दिनभर में 14.5 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गयी वहीं अधिकतम तापमान 27 तथा न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस बीच बारिश की वजह से सबसे अधिक फजीहत स्कूली बच्चों को उठानी पड़ी। बारिश के कारण नालों से काफी मात्रा में कूड़ा जीवनदायिनी नैनी झील में समा गया जिससे झील का पानी भी प्रदूषित हो गया। बारिश की वजह से पर्यटन कारोबार काफी प्रभावित हुआ,नाव चालक भी बारिश रुकने का इंतजार करते देखे गए। हल्की बारिश में कुछ पर्यटकों ने नौका विहार का आनंद लिया।



# दो दिवसीय अकादमिक आउटरीच वर्चुअल वर्कशॉप का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग तथा गार्गी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास सेल द्वारा आयोजित इंट्रोडशन टू बायो इन्फॉर्मेटिकस बायोलॉजिकल सीक्वेंस टू स्ट्रक्चर विषय पर दो दिवसीय अकादमिक आउटरीच वर्चुअल वर्कशॉप का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ ।

कार्यशाला मे बोलते हुए प्राचार्य गार्गी कॉलेज प्रो. संगीता भाटिया ने कहा कि यह कार्यशाला शोध को बढ़ावा देने के साथ हमें अपने ज्ञान वृद्धि तथा नयी प्रौद्योगिकी के प्रयोग को करने का अवसर देती हैं जो समय की आवश्यकता भी है तथा प्रकृति की संरचना को जानने में भी मदद देती है । कार्यशाला में सभी का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि एटीजीसी के न्यूकलिक एसिड तथा एमिनो एसिड जीवन के रहस्य को समझाते हैं। प्रो. तिवारी ने कहा कि कार्यशाला ट्रेडिशनल बायोलॉजी को मॉडर्न कंप्यूटर बेस्ड टूल से जोडने के जानकारी प्रतिभागियों तक पहुंचाएगी । पौधों की वैरायटी एतथा एग्रीकल्चर को इससे बेहतर परिणाम दिए जा सकते हैं। प्रो. तिवारी ने कार्यशाला की सफलता की कामना के साथ सभी का स्वागत किया एवं गार्गी कॉलेज के टीम एवं भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी मंत्रालय का धन्यवाद भी किया। इस दौरान प्रो. अपराजिता मोहंती गार्गी कॉलेज ने कार्यशाला की रूप रेखा प्रस्तुत की,जबकि डा. अपराजिता मोहंती ने कार्यशाला का अवलोकन प्रस्तुत करते हुए बायोइंफॉर्मेटिकस की परिभाषा और शोध में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीमा मिश्रा ने किया । प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ प्रीति अग्रवाल ने डिकोडिंग पर व्याखयान दिया तथा जैविक डेटाबेस और पबमेड के बारे में बताया । दूसरे तकनीकी सत्र में डॉ एस हमशा ने बलास्ट द्वारा अनुक्रम विश्लेषण और प्रोटीन मॉडलिंग का अभयास कराया। कार्यशाला में डॉ प्रीतम कौर,डॉ हर्ष चौहान, डॉ प्रभा पंत, प्रो. वीना पांडे, डॉ मीना पांडे, डॉ ललित मोहन, डॉ नगमा परवीन, अंशुल कथायत, मनोज, आस्था मेहता, आदिति बहुगुणा, आशीष कुमार,सागर, पूजा, विशाल,लता तथा युक्ता व जिगमित सहित देश के विभिन्न राज्यों के एवं वनस्पति विज्ञान के 64 प्रतिभागी भाग ले रहे है।

## NEWS / फटाफट

### तेंदुए ने पालतू कुत्ते पर हमला कर जख्मी किया

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल वार्ड नंबर 9 के लोअर डांडा में क्षेत्र में वीरवार की देर रात्रि में तेंदुए ने पालतू कुत्ते पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। देंतुए के आतंक से वार्डवासियों में दशहत का माहौल बना हुआ है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए वार्ड के पालिका सभासद पूरन सिंह बिष्ट ने नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी को ज्ञापन सौंपा,इससे पूर्व उन्होंने मामले की पूरी जानकारी वनाधिकारी को दी ।सभासद बिष्ट के मुताबिक वीरवार की रात को तेंदुए ने पालतु कुत्ते पर हमला किया जिससे कुत्ता घायल हो गया है। उन्होंने बताया कि लोअर डांडा निवासी नरेश सिंह बिष्ट के घर के आगे तेंदुआ रोज आवाजाही कर रहा है जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। कहा कि तेंदुए की मौहल्ले में आने की घटना सीसी टीवी कैमरें में कैद हुई हैं। बिष्ट के मुताबिक वार्ता के दौरान डीएफओ ने मामले में त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### 364 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल** । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन शुक्रवार को 364 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए–पौधारोपणकर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर में गुरना देवी वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

### सुरक्षा एवं पौधरोपण पर सेमिनार का आयोजन

**नैनीताल** । लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा एवं पौधरोपण पर एक लायंस सदस्यों के बीच सेमिनार का आयोजन बीकानेर रेस्टोरेंट के विशाल सभागार में रात्रि 8:30 बजे से किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव निशुल् अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बतलाया कि वर्तमान में बढ़ते हुए प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए वृक्षारोपण वर्तमान समय की आवश्यकता है। वर्तमान में किया गया वृक्षारोपण काफी लंबे समय बाद वृक्ष बनकर आक्सीजन प्रदान करता है, इसलिए वृक्षारोपण के महत्व को स्वीकार करते हुए लायंस क्लब साथियों के साथ पर्यावरण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर सेमिनार का आयोजन सदस्यों के साथ किया जाएगा। क्लब के कोषाध्यक्ष डॉक्टर अनुज अग्रवाल एवं सचिव मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सेमिनार के साथ–साथ रंगरण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी तथा पर्यावरण एवं वृक्षारोपण में विशेष योगदान करने वाले पांच लायंस कपल दंपति को भी लाइंस पर्यावरण सम्मान से विभूषित किया जाएगा । कार्यक्रम से पूर्व सभी लाएन सदस्य सामूहिक रूप से न्यू लक्ष्मी सिनेमा हल्द्वानी में फिल्म मां के शो का आनंद भी लेंगे । इस दौरान हुई बैठक में विजय श्रीवास्तव, अनुज कांत अग्रवाल राजीव श्रीवास्तव ,मधुकर श्रुतिय, राखी अनीता, स्नेहा, प्रदीप आदि उपस्थित थे ।

### शैलेंद्र ने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा

**अल्मोड़ा** । कांग्रेस नेता शैलेंद्र रावत ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में भाजपा के जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट के नेतृत्व में त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर आयोजित कार्यक्रम में सदस्यता ली। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश में त्रिस्तरीय चुनावों में परचम लहराएगी। वहां पर मंडल अध्यक्ष विजय बजेठा, महेश कैड़ा, सुधीर मठपाल, गिरीश चौधरी, हिमानी रावत, चंद्रशेखर जोशी थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम हेतु पुलिस बलों को डेसीबल मीटर मुहैया कराए सरकारः हाईकोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम के लिये पुलिस बलों को डेसीबल मीटर (ध्वनि मापक यंत्र)मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने नैनीताल निवासी अत्री अधिकारी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार ये निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि पर्यटक नगरी में कई होटल, रिसॉर्ट और अन्य संस्थाओं द्वारा ध्वनि प्रदूषण कर नियमों को उल्लंघन किया जा रहा है, अधिकांश इकाई अनुमति भी नहीं लेते हैं।

उच्च न्यायालय ध्वनि प्रदूषण को लेकर पहले ही विस्तृत आदेश पारित कर चुका है। इन आदेशों का भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है। आगे कहा गया कि सरकार की ओर से प्रदेश में पहले से शांत (साइलेंट), आवासीय व औद्योगिक और व्यावसायिक जोन चिन्हित किये गये हैं। इन क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण के लिये अलग अलग मानक तय किये गये हैं।याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि पुलिस के पास ध्वनि प्रदूषण मापने के लिये डेसीबल मीटर तक मुहैया नहीं हैं, इसलिये पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रही है। मामले को सुनने के बाद अदालत ने सचिव शहरी विकास और गृह सचिव को निर्देश दिये कि 8 सप्ताह के अदंर प्रदेश में पुलिस बलों को डेसीबल मीटर मुहैया करायें। अदालत ने सचिव को सुनवाई की अगली तक शपथपत्र के माध्यम से अनुपालन रिपोर्ट भी अदालत में पेश करने को कहा है।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के बिरला चुंगी देवली फील्ड के समीप शुस्त्र5वार को एक पेड़ मां के नाम एवं वन महोत्सव के तहत पौधरोपण का आयोजन किया गया जिसमें पांगर तथा तिलोंज आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल आर्य के नेतृत्व में किए गए इस पौधारोपण कार्यक्रम में संतोष जोशी वन दरोगा, हेमा बिष्ट ,राजेंद्र वर्मा वन आरक्षी, नंदन दानू कुंदन सिंह बिष्ट उपनल कर्मचारी तथा मुखय अतिथि जितेंद्र पांडे सभासद वार्ड नंबर 5 एवं पूर्व सभासद दीपक कुमार तथा गौरव जोशी, हरीश सिंह मेहरा, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रमोद कुमार, गोपाल सिंह बिष्ट ,नीरू बिष्ट तथा मनीषा देवी आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे। दूसरी ओर नैना वन क्षेत्र नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत वन महोत्सव सप्ताह के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को सैमधार और अपीड़ा बीट में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने किया। सैमधार में देवदार, तेजपात, पुतली व पांगर प्रजातियों के कुल 140 पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि वन पंचायत सरपंच महिमा देवी रहीं। इसी क्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बजून में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 65 पौधों का रोपण किया गया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन दरोगा अशोक कुमार, बीट अधिकारी गोधन सिंह तथा बीट सहायक प्रमोद सिंह समेत कई ग्रामीण रहे।



# अभिमत



## बेरोजगारों का दर्द

*बेरोजगार युवा जमीनी स्तर और कम वेतन की नौकरी के लिए मजबूर हो रहे हैं। योग्यता के अनुरूप नौकरी नहीं मिलने का दर्द उनके अभिभावक महसूस करते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पद पर स्नातक से कम योग्यता वाली महिलाओं की नियुक्ति होती थी। अब स्नातकोत्तर, बीएड और पीएचडी धारक युवतियां आंगनवाड़ी वर्कर की नौकरी मिलने पर भी संतोष कर रही हैं। उत्तराखंड की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने समारोह में नियुक्ति पत्र वितरित किये। अधिकतर युवतियों की न्यूनतम योग्यता स्नातक है।*

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। बेरोजगार युवा जमीनी स्तर और कम वेतन की नौकरी के लिए मजबूर हो रहे हैं। योग्यता के अनुरूप नौकरी नहीं मिलने का दर्द उनके अभिभावक महसूस करते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पद पर स्नातक से कम योग्यता वाली महिलाओं की नियुक्ति होती थी। अब स्नातकोत्तर, बीएड और पीएचडी धारक युवतियां आंगनवाड़ी वर्कर की नौकरी मिलने पर भी संतोष कर रही हैं। उत्तराखंड की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने समारोह में नियुक्ति पत्र वितरित किये। अधिकतर युवतियों की न्यूनतम योग्यता स्नातक है। एक युवती ने बताया कि गणित विषय में पीएचडी की है। महाविद्यालय और इंटरमीडिएट कालेज में नियुक्तियां कम निकलने से बेरोजगारी का दंश झेलने के बाद आंगनबाड़ी वर्कर के लिए आवेदन किया और नौकरी मिलने पर अनुभव के लिए मन लगाकर कार्य करेंगी। एक युवती ने कम्प्यूटर साइंस में एम.एस-सी की डिग्री हासिल की है। इसी तरह एक युवती ने वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर किया है। बहुत दिनों तक बेरोजगार रहने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति मिलने से कार्य करने को राजी है। अंग्रेजी विषय में बीएड करने वाली युवती का कहना है कि सरकारी नौकरी के विकल्प तो मिलते हैं, परन्तु पद कम रहते हैं और नियुक्तियां भी कई बार रोक दी जाती हैं। सरकारी नौकरी की निर्धारित आयु सीमा निकल जाने पर बेरोजगारी से गुजरना पड़ता है। आंगनबाड़ी की नियुक्ति पाने वाली युवतियों की तरह ही उच्च शिक्षित युवकों का दर्द भी है। रेलवे में मामूली से पद माने जाने वाले पोर्टर की नौकरी के लिए इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने वाले युवक आवेदन कर चुके हैं। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन पहुंचने पर ड्राइवर से रिंग के आकार का पोर्टर लेकर नया पोर्टर देने का काम किया जाता है। यह कार्य करने वालों की न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल है। बेरोजगारी की हालत यह है कि बी-टेक करने वाले युवाओं ने पोर्टर बनना स्वीकार किया। सुलभ शौचालय, निजी अस्पतालों में स्वच्छक का काम करने वाले बहुत से युवा स्नातक हैं। युवाओं को रोजगार का वायदा करके सत्ता हासिल करने वालों की पोल उच्च शिक्षित युवक-युवतियों की मजबूरी से खुल जाती है। केन्द्र से लेकर राज्य सरकारों के रोजगार देने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

# नैनीताल में जिला पंचायत सदस्य के लिए 62 लोगों ने नामांकन किया



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला पंचायत सदस्य के लिए नैनीताल जिला पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को 62 लोगों ने नामांकन किया,जबकि वीरवार को 20 नामांकन हुए थे। शुक्रवार को नामांकन कराने वालों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया तथा पूर्व उपाध्यक्ष आनंद दरमबाल की पत्नी दीपा दरमबाल शामिल रही। नामांकन प्रक्रिया के चलते दिनभर जिला पंचायत कार्यालय में काफी भीड़ भाड लगी रही,इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहा। जिला पंचायत निर्वाचन अधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य हेतु 27 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शांति और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो रही है,दिनभर में 62 लोगों ने नामांकन कराया। निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला टोलिया ने अपना नामांकन किया। नामांकन के बाद कहा कि जनता के लिए कार्य किया जाएगा, क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा,पिछले पांच वर्ष का कार्यकाल भी काफी अच्छा रहा जितने भी विकास कार्य हो रहें है वह धरातल पर हो रहें हैं। दीपा दरमवाल ने कहा कि भाजपा पार्टी से जिला पंचायत सें टिकट मिला है विकास कार्य किया जाएगा, राजनीती में परिवार पहले ही भागीदारी कर रहें हैं, अगर अध्यक्ष की सीट मिलती है तो आगे काफ़ी विकास कार्य किया जाएगा। इस मौके पर लालकुआं विधायक डा.मोहन सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, प्रमोद तोलिया, आनंद दरमबाल, अरविन्द पडियार, महेश शर्मा,प्रदीप बिष्ट समेत मंयक बिष्ट, अनुपम कबडवाल रहे।

## रामनगर में कांग्रेस कार्यालय को कब्जे से मुक्त कराएं: कोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर में कांग्रेस कार्यालय को खाली कर उप जिलाधिकारी द्वारा उसे नीरज अग्रवाल को कब्जा दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार व पालिका परिषद रामनगर को निर्देश दिए हैं कि वे नीरज अग्रवाल को नोटिस देकर भवन को कबजा मुक्त कराएं । याचिका की सुनवाई वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।

मामले के अनुसार ज्योलीकोट निवासी प्रेम बिष्ट ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि रामनगर कांग्रेस कार्यालय को खाली कराकर उप जिलाधिकारी रामनगर ने बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए इस भवन को नीरज अग्रवाल को सौंप दिया । जबकि नीरज अग्रवाल के नाम हुई 900 साल की लीज पूर्व में ही समाप्त हो गई थी । इस प्रकार इस संपति की मालिक सरकार व नगर पालिका रामनगर है । इसलिये रामनगर नगर पालिका इस भवन को खाली कराने के लिये नीरज अग्रवाल को नोटिस जारी करें ।

## जंपर टूटने से अल्मोड़ा के कई क्षेत्रों में घंटों बत्ती गुल

**अल्मोड़ा।** स्यालीधार सब स्टेशन से कोसी बिजली घर को जोड़ने वाली 33 केवी की लाइन के एक फेस का जंपर टूटने से कई क्षेत्रों में 12 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। कोसी बिजलीघर से मनाल फिटर को जोड़ने वाली 11केवी की लाइन पर पेड़ गिरने से 10 से अधिक गांवों में कई घरों की बिजली गुल रही तो कहीं डीम लाइट ने लोगों को रुलाया।

बीती रात करीब 11:30 बजे भारी बारिश के चलते स्यालीधार सब स्टेशन से कोसी बिजली घर को जोड़ने वाली 33केवी की लाइन के एक फेस का जंपर टूट गया। इससे इस फेस से जुड़े कई ग्रामीणों क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधिक रही। कई घरों में कम रोशनी से लोग परेशान रहे। इसके साथ ही मनाल फिटर से जुड़ी 11 केवी पर पेड़ गिरने से इससे जुड़े कई गांवों में आपूर्ति बाधित रही। यूपीसीएल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह शुक्रवार को 33 केवी की लाइन का जंपर जोड़कर सुबह 11:47 बजे आपूर्ति बहाल की।

# दिव्यांग मतदाताओं को सुलभ मतदान सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के दिशा-निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी, सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक की।समिति विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया में दिव्यांगजनों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने और उनके लिए समावेशी एवं सुलभ मतदान केंद्र सुनिश्चित करने के लिए कार्यरत है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने समिति के सभी सदस्यों से विधानसभा वार दिव्यांग मतदाताओं की पहचान,उनके डेटा का संकलन,सुविधायुक्त मतदान केंद्रों की व्यवस्था, परिवहन की सुविधा और जन-जागरूकता के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं हेतु मतदान केंद्रो पर सुलभ सुविधा सुनिश्चित कि जाये साथ ही जिन दिव्यांग व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनका पहचान के आधार पर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। सुगम मतदान हेतु उचित वातावरण तथा निर्वाचन प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई मतदाता छूटे नहीं, विशेषकर दिव्यांगजनों को सुलभ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक मतदान अनुभव प्रदान किया जा सके। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 12,329 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें नेत्रहीन, मूक-बधिर, चलन-अक्षम एवं अन्य प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित मतदाता सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त जिले में कुल 13,66,574 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 7,08,411 महिलाएं, 6,58,125 पुरुष तथा 38 तृतीय लिंग मतदाता सम्मिलित हैं। बैठक में महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, सहायक नगर आयुक्त रानदीप, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी विनोद संवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकरी व्योमा जैन, एसएमओ डॉ. एमके जयसवाल, आदि थे।

# फिल्मी दुनिया

## ओपनिंग डे पर 'मेट्रो इन दिनों' से आगे निकली 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ'



*सिनेमा प्रेमियों के लिए इस समय आनंद ही आनंद है, क्योंकि थिएटर में बॉलीवुड और साउथ से लेकर हॉलीवुड की फिल्में दिखाई जा रही है। शुक्रवार से अब मेट्रो इन दिनों और जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ भी रिलीज हो चुकी है। सिनेमाघरों में इस वक्त कई दिग्गज कलाकारों की फिल्में देखने को मिल रही है, जिसमें काजोल की फिल्म मां भी शामिल है। अब शुक्रवार को दिग्गज एक्टर्स से सजी फिल्म मेट्रो इन दिनों भी आ चुकी है। इसके अलावा हॉलीवुड की फिल्म जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ भी थिएटर में मौजूद है, जो आपको डायनासोर की दुनिया में ले जा रहा है। वहीं अब सिनेमाघरों में बॉलीवुड, साउथ से लेकर हॉलीवुड की फिल्में मौजूद हैं। आइए जानते हैं शुक्रवार का दिन फिल्मों के लिए कैसा साबित हुआ।*

### मेट्रो इन दिनों और जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ कलैक्शन

*अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म मेट्रो इन दिनों एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है, जो मल्टीस्टारर फिल्म है। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट का 100 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुमप खेर, पंकज त्रिपाठी, फातिमा सना शेख, कोंकणा सेन शर्मा, नीना गुप्ता और अली फजल जैसे कलाकार मौजूद हैं। मेट्रो इन दिनों के गानें दर्शकों को बेहद पसंद आ रहे हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म के लिए वीकएंड कैसा साबित होता है।*

*हॉलीवुड की मोस्ट एडवेंचरस फिल्म जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की है। फिल्म ने पहले दिन 9 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। यह फिल्म जुरासिक पार्क फ्रैंचाइज की 7वीं और जुरासिक वर्ल्ड सीरीज की चौथी फिल्म है। %जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ% में स्कारलेट जोहानसन, माहेरशाला अली और जोनाथन बेली जैसे बड़े हॉलीवुड सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म एक बार फिर से दर्शकों को डायनासोर की दुनिया में ले जा रही है।*

# जल स्त्रोत तथा झील व रोड के किनारे होटलों तथा होमस्टे के कचरे फेंकने के मामले में जांच के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**हाईकोर्ट**

- **मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर व उससे जुड़ा खासकर सरिताताल व खुर्पाताल के जल स्त्रोत तथा झील व रोड के किनारे लगे अवैध दुकानों व होटलों तथा होमस्टे के द्वारा अपना कचरा जिसमे प्लास्टिक व अन्य कूड़ा होता है उसे जल स्त्रोतों व गधेरों व पालिका के नालों में डाले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने जिला प्रशाशन को निर्देश दिए हैं कि संबंधित क्षेत्र की जाँच कर रिपोर्ट चार सप्ताह के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार खुर्पाताल निवासी अधिवक्ता ललित मिगलानी की तरह से जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि खुर्पाताल नैनीताल शहर से जुड़ा हुआ एक दर्शनीय स्थल है।

आये दिन सैंकड़ो सैलानी झील को देखने के लिए आते है। यह स्थल भी पर्यटन का मुखय केंद्र है। यहां पर भी होटल व्यवसायियों के द्वारा होटलए रेस्टोरेंट व होम स्टे खोले गए है। जो होटल एहोम स्टे व रेस्टोरेंट खोले गए है वे शिवर लाइन से जुड़े नही है। जिनका सीवरेज का गंदा पानी सीधे झील व जल स्त्रोतों में जा रहा है। यही नही सडक़ पर अवैध रूप से संचालित दुकानों का कचरा भी झील व जल स्त्रोतों को प्रभावित कर रहा है। जिसपर कोर्ट ने प्रसाशन से इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

## News कॉर्नर

### पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार शुरू

**धानाचूली/नैनीताल।** 24 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है वहीं 11 चौखुटा जिला पंचायत सदस्य सीट से भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद गंगा सिंह बिष्ट निर्दलीय मैदान में कूद गए हैं और उन्होंने अपना नामांकन भी दर्ज कर दिया है बता दें गंगा सिंह बिष्ट भाजपा के समर्पित व वरिष्ठ कार्य करता है उन्होंने पार्टी से कभी भी कोई पद नहीं मांगा बल्कि पार्टी की नीतियों एवं कार्य योजनाओं एवं सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथी दिसंबर 1992 में राम मंदिर अयोध्या कार सेवा में भी भाग लिया इसके अलावा श्री लाल कृष्ण आडवाणी के कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर श्रीनगर तक रथ यात्रा में भाग लेकर श्रीनगर लाल चौक में झंडा फहराये जाने में सकरी भूमिका निभाई इसके अलावा पार्टी एवं संगठन के कार्यक्रमों में भाग लेकर अनुशासित कार्यकर्ता की भूमिका निभाई परिवेशों की बैठक में प्रत्याशी चयन पैनल के नाम होने के बावजूद भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी घोषित न करने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है बता दें कि वे इसके लिए लंबे समय से तैयारी कर रहे थे।

### खोल्टा में दीवार गिरने से दो घरों को हुआ खतरा

**अल्मोड़ा।** खोल्टा जल निगम कॉलोनी के पास दीवार के टूटने से दो घरों को खतरा पैदा हो गया है। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर ने मौके पर जाकर निरीक्षण कर सुरक्षात्मक कार्य करने और परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। जिले के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश से नदियों का जल स्तर भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को एसडीएम सदर संजय कुमार ने दीवार के गिरने की सूचना मिलने के बाद राजस्व टीम के साथ खोल्टा पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि एक व्यक्ति असुरक्षित रूप से दीवार निर्माण कर रहा था, जिससे दीवार के ढह जाने से ऊपरी दो घरों को खतरा हो गया है।

# ग्रामसभा गुणादित्य (स्वाड़ी) में जीवन निर्विरोध प्रधान व दुर्गा पालीवाल बने उपप्रधान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी विकासखंड अंतर्गत ग्रामसभा गुणादित्य (स्वाड़ी) में सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए जीवन पालीवाल को ग्राम प्रधान तथा दुर्गा पालीवाल को उपप्रधान पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया है।

यह निर्णय स्थानीय विधायक मोहन सिंह मेहरा की अध्यक्षता में हुई खुली बैठक में लिया गया। ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई इस बैठक में बिना किसी विरोध के जीवन पालीवाल के नाम का प्रस्ताव सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा पालीवाल ने रखा, जिसे सभी उपस्थित ग्रामीणों ने समर्थन प्रदान किया। इसके बाद उपप्रधान पद के लिए दुर्गा पालीवाल के नाम का अनुमोदन भी सर्वसम्मति से किया गया।

**एकता की मिसाल**



बैठक का संचालन पूर्व प्रधान और कसेड़मन्या शक्ति केंद्र संयोजक इंद्रदेव पालीवाल ने किया। विधायक मोहन सिंह मेहरा ने ग्रामवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि निर्विरोध चयन ग्रामसभा की एकजुटता और परिपक्व लोकतांत्रिक सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नेतृत्व सौंपना गांव के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान सुनीता पालीवाल, माधवी देवी, गोविंद बल्लभ पालीवाल, पाली गुणादित्य-तड़कोट शक्ति केंद्र संयोजक पीतांबर दत्त, वरिष्ठ नागरिक डीडी पालीवाल, बिशन दत्त, मोहन चंद्र, गणेश दत्त, लक्ष्मी दत्त, पीतांबर दत्त पालीवाल, ईश्वरी दत्त, त्रिलोचन पालीवाल, राजेंद्र मेलकानी, जगदीश पालीवाल, सोनू पालीवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा उपस्थित रहे। ग्रामसभा गुणादित्य में इस प्रकार का निर्विरोध चयन सामाजिक सौहार्द, विश्वास और समर्पण की भावना को प्रतिबिंबित करता है, जो न केवल क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि अन्य ग्रामसभाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

# सिडकुल पुलिस ने पिटबुल को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव 2025 को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए अवैध शराब,संदिग्ध वाहनों की रोकथाम के लिए चलायें जा रहे अभियान के तहत सिडकुल पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। शुक्रवार रात को एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, सीओ सिटी प्रशांत कुमार के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक पंतनगर के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में संदिग्धों की चैकिंग कर रही। इसी बीच पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि नेस्ले फैक्ट्री के पास मोड़ सिडकुल पन्तनगर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है और उसके पास तमंचा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच वहां खड़ा संदिग्ध को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम अनमोल सागर उर्फ पिटबुल पुत्र सोमपाल निवासी नसरतनगर थाना शहजादनगर जिला रामपुर उत्तरप्रदेश हाल निवासी कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंप बताया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने बताया कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उसे उसे जेल भेजने की कार्रवाी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अनमोल के खिलाफ ट्रांजिट कैंप थाने में पहले भी दो मुकदमें दर्ज है। इनमें एक जान लेवा हमला, चोरी का है।



**मुकदमा**

● जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी पुलिस

पुलिस टीम में निरीक्षक सुन्दरम शर्मा,चौकी प्रभारी सिडकुल गणेश भट्ट,एसआई अनिल मेहता,नितिन कुमार,हरि सिंह आदि शामिल रहे।

# बजरंग दल ने मनाया पौधरोपण कर सेवा सप्ताह

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बजरंग दल द्वारा हर वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह बजरंग दल द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सेवा प्रकल्प जिसमें मेडिकल कैंप, रक्तदान शिविर, वृक्षा रोपण, गौ सेवा जैसे कार्यक्रम किए गये।

आज शनिवार को बजरंग दल द्वारा पौधरोपण कर सेवा सप्ताह मनाया गया। जिसमें लगभग 30 अलग अलग प्रकार के पौधे लगाए गए और सभी के द्वारा अधिक से अधिक पेड़ लगाने ओर उनको संरक्षण देने का संकल्प भी लिया गया।

इस कार्यक्रम में गिरीश पलड़िया, पीयूष शर्मा, मलय तिलारा, गिरिश पांडे, अंकित पाल, नीरज मिश्रा, अंकित पलड़िया, राजीव अग्रवाल, अंकित चतुर्वेदी, विजय फरियाल, रोहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# टोल शुल्क मांगने पर जिला पंचायत सदस्य उमीदवार के समर्थकों ने की मारपीट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के तल्लीताल क्षेत्र में टोल शुल्क मांगने पर जिला पंचायत सदस्य पद के एक उमीदवार के समर्थकों ने टोल कर्मियों को पीट दिया। मारपीट के बाद पालिका कर्मियों ने टोल चुंगी में बैरीगेट लगा दिए। जिसके बाद बीच सड़क हंगामा हुआ तो पुलिस दोनों पक्षों के कई लोगों को थाने ले गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य के कई उमीदवार जिला पंचायत कार्यालय में नामांकन के लिए पहुंचे थे। उस दौरान कई गाडियों ने उनके समर्थक भी नैनीताल पहुंचे। इधर एक उमीदवार के समर्थकों से टोल शुल्क मांगने पर समर्थकों ने टोल कर्मियों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बाद पालिका कर्मियों ने टोल पर बैरीगेट लगाकर वाहनो को आगे नहीं जाने दिया।

मामला जब पालिका के अन्य कर्मचारियों तक पहुंचा तो मामला बिगड़ गया जिसके बाद मारपीट करने वाले युवकों को बचने के लिए एक होटल में छिपना पड़ा। मॉलरोड में हंगामे के बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को वहां से हटाया और दोनों पक्षों को थाने ले गए। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से वार्ता की जा रही है।



### जागेश्वरधाम में पिलर तोड़ने का काम शुरू

**अल्मोड़ा।** प्रसिद्ध जागेश्वरधाम मंदिर परिसर में परेशानी का सबब बने चार पिलरों को तोड़ने का काम शुरू हो गया है। श्रावणी मेले से पूर्व पिलर तोड़कर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थान खाली कर दिया जाएगा। इन पिलरों को हटाने की मांग काफी समय से उठ रही थी। यह मांग डीएम आलोक कुमार पांडेय के संज्ञान तक पहुंची। इसके बाद डीएम ने एएसआई को पत्र लिखा। इसके बाद एएसआई ने चार पिलरों को तोड़ने का आदेश जारी किया।

# उत्तराखंड सचिवालय की आधिकारिक वेबसाइट तैयार करने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को दो माह में उत्तराखंड सचिवालय की आधिकारिक वेबसाइट तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

बता दें कि इस मामले को देहरादून की समाधान नामक संस्था की ओर से चुनौती दी गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सचिवालय की अपनी वेबसाइट नहीं है। यह सूचना अधिकार अधिनियम 2005 और नियमावली 2013 का खुला उल्लंघन है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एक साल पहले उसने इस संदर्भ में प्रत्यावेदन भी सौंपा था और उसे एक साल में वेबसाइट के गठन का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक कोई प्रगति नहीं हुई है।



याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया सूचना कार्यकर्ता और आम लोगों को इससे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता को उचित जानकारी नहीं मिल पा रही है। अंत में खंडपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि 8 महीने के अंदर आवश्यक कदम उठाये और आधिकारिक वेबसाइट बनाये।

# राष्ट्रपति के दौरे पर भरे थे गड्ढे, अब कीचड़ में सन रहे लोग

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**

बीते दिनों उप राष्ट्रपति के आगमन पर नैनीताल काठगोदाम रोड पर ताकुला के समीप भरे गड्ढे उनके जाते ही उभर गए हैं, जो लोगों के लिए मुसीबत बन चुके हैं। लोगों ने विभाग पर लापरवाही के साथ काम करने का आरोप लगाया है।

बता दें बीते दिनों उपराष्ट्रपति कुमाऊं यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में नैनीताल आये थे। उनके आने के दौरान एनएच व एडीबी ने नैनीताल काठगोदाम रोड पर गड्ढों को कोल्ड मिल्स इमर्सल से पैक कर दिया था। जिससे सड़क गड्ढामुक्त हो गई थी लेकिन उपराष्ट्रपति के जाते ही सड़क में दोबारा गड्ढे उभर आए हैं। जो सड़क हादसों को भी दावत दे सकते हैं। ताकुला व रूसी के बीच हनुमान मंदिर के समीप पुलिया पर गड्ढे उभरने से बाइक सवारों के लिए और खतरा बढ़ गया है। बीती रात सड़क में गड्ढों के कारण एक युवक बाइक समेत सड़क में गिर गया। मामले में एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि बारिश के चलते सड़क से मैटेरियल निकल गया है। बताया कि मौसम साफ होते ही दोबारा कार्य किया जाएगा।



उधर देवीधूरा बसानी मार्ग पर कई स्थानों पर कीचड़ जमा हो गया है। जिससे राहगीरों और बाइक सवारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि बीते वर्ष बारिश से देवीधूरा बसानी मार्ग कई स्थानों पर टूट गया था। कई जगह सड़क पर गड्ढे हो गए थे। इसके चलते विभाग ने सड़क से मलबा साफ कर धंसे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दी। इधर कई दिनों से बारिश की वजह से सड़क पर कई जगह कीचड़ जमा हो गया। कीचड़ जमा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों के साथ बाइक सवारों के भी गिरने का डर बना हुआ है। लोगों ने विभाग से सड़क को कीचड़ मुक्त करने की मांग की है। पीएमजीएसवाई के ईई मनोज कुमार ने बताया कि सड़क में जहां कीचड़ है वहां साफ कर रोड़ी डलवाई जाएगी।